प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रदेश में जनगणना–2027 का पहला चरण 16 मई से 14 जून तक–इस चरण में मकानों का सूचीकरण और गणना कार्य होगां
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अलवर दौरे पर–अंतर्राष्ट्रीय टाइगर मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम के साथ क्वालालंपुर में द्विपक्षीय वार्ता करेंगें
- प्रदेश में दिन और रात के तापमान में काफी अंतर–सीकर में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री वहीं बाड़मेर, पाली, जालौर और जोधपुर में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पारं

000

प्रदेश में जनगणना–2027 का पहला चरण 16 मई से शुरू होकर 14 जून तक चलेगां कल जयपुर में वर्चुअल रूप से आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन में ये जानकारी दी गई पहले चरण में मकानों का सूचीकरण और गणना का काम किया जाएगां देश में पहली बार डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग करते हुए जनगणना कार्य किया जाएगां 1 मई से 15 मई तक सभी नागरिकों को पहली बार स्वगणना का विकल्प भी मिल रहा हैं सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सटीक जनगणना विकास योजनाओं का महत्वपूर्ण आधार हैं ये हमारा संवैधानिक दायित्व हैं इसके आंकड़ों से ही विकास के स्तर और लक्ष्यों तक पहुंच की जानकारी मिलती हैं मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय महत्व के इस काम को पूरी निगरानी और संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दियें उन्होंने सभी जनगणना में लगे सभी कार्मिकों के बेहतर और गहन प्रशिक्षण की बात कही, जिससे आंकड़ों का पारदर्शिता के साथ संकलन किया जा सकें इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जनगणना के काम का आमजन में व्यापक प्रचार–प्रसार करने और लोगों से सक्रिय भागीदारी तथा सहयोग का आग्रह कियां

000

अलवर में आज अंतर्राष्ट्रीय टाइगर मैराथन शुरू हुईं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और मैराथन के ब्रांड एम्बेसेडर अभिनेता रणदीप हुड्डा ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां इस मैराथन में आठ देशों के 18 हजार से अधिक धावक भाग ले रहे हैं चार श्रेणियों में होने वाली ये मैराथन प्रताप ऑडिटोरियम से रवाना हुई इस दौरान हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए गये, जिससे धावकों में जोश भर गयां मीडिया से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि मैराथन का आयोजन वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन को बढ़ाने के लिए किया जा रहा हैं

..............

मुख्यमंत्री श्री शर्मा, अलवर दौरे में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगें वे रामगढ़ पंचायत समिति के बहाला गांव में ग्राम उत्थान शिविर का जायजा लेंगें इसके बाद श्री शर्मा जनसभा को भी संबोधित करेंगें मुख्यमंत्री का दोपहर में खैरथल–तिजारा के बघेरी कलां जाने का कार्यक्रम हैं

000

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा कल कोटपूतली पहुंचें मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट 2026–2027 तात्कालिक और दीर्घकालिक दोनों लाभ देने वाला हैं सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण से आत्मनिर्भरता बढ़ेगीं इसके साथ ही सेवा क्षेत्र के माध्यम से भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगें

...............

000

कोटा के तलवंडी इलाके में बीती रात एक बिल्डिंग गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई और 13 व्यक्ति घायल हो गयें प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज धमाके की आवाज़ के बाद इमारत भरभरा कर गिर गई और मलबे में कई लोग दब गयें सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और आपदा राहत की टीमें मौके पर पहुंचीं जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया ने बताया कि तेजी से बचाव कार्य करते हुए मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गयां

................

घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी लीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दियें

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी मलेशिया यात्रा के दौरान कल क्वालालंपुर में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित कियां कार्यक्रम में श्री मोदी ने प्रवासी समुदाय को दोनों देशों को जोड़ने वाला जीवंत सेतु बतायां श्री मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया ने वर्ष 2024 में अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया हैं उन्होंने दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि सौ से अधिक भारतीय आई.टी. कंपनियां मलेशिया में काम कर रही हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा हैं इस अवसर पर श्री मोदी ने घोषणा की कि भारत का डिजिटल भुगतान मंच—यूपीआई जल्द ही मलेशिया में लॉन्च किया जाएगां प्रवासी भारतीयों के लिए शुरू की गई प्रमुख पहलों की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया कार्ड की सुविधा छठी पीढ़ी तक बढ़ा दी गई हैं

उन्होंने इस बात की भी घोषणा की कि भारत में अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति शुरू की जाएगीं उन्होंने कहा कि मलेशिया में एक नया भारतीय वाणिज्य दूतावास खोला जाएगां प्रधानमंत्री श्री मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज द्विपक्षीय वार्ता होगीं इस दौरान व्यापार, आर्थिक सहयोग, रणनीतिक जुड़ाव और अन्य क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगीं

000

एनिमिया मुक्त भारत के तहत किशोरों, बालिकाओं और महिलाओं में खून की कमी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा हैं इसके तहत गर्भवती और धात्री महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और उनकी खून की नियमित जांच की जा रही हैं इसी कड़ी में करौली जिले के चिकित्सा संस्थानों में गर्भवती और धात्री महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें एफसीएम के इंजेक्शन लगाये जा रहे हैं

............

000

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में काफी अंतर दर्ज किया जा रहा हैं जहां, सुबह—शाम सर्दी का असर बना हुआ है, वहीं सूरज के तीखे तेवर दिन में हल्की गर्मी का अहसास करा रहे हैं कई स्थानों पर दिन औ रात के तापमान में 20 डिग्री सेल्सियस तक का अंतर बना हुआ हैं बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई हैं बाड़मेर में पारा, सबसे ज्यादा 32 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआं पाली, जोधपुर और जालौर में भी अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहां सबसे कम 6 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड हुआं इसके अलावा करौली, दौसा, चूरू, झुंझुनूं, अलवर सहित कई स्थानों पर रात का पार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहां मौसम विभाग ने अगले चार—पांच दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढोतरी की संभावना व्यक्त की हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगीं

000